दिन– शुक्रवार    दिनांक– 16 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।    अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में स्टार्टअप महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा आज पश्चिम चंपारण के बेतिया से शुरू हुई।

03. बिहार विधान मंडल का बजट सत्र दो फरवरी से शुरू होगा। तीन फरवरी को बजट पेश किया जाएगा।

04. और, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए पार्टी सांसदों के साथ बैठक की।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केवल दस वर्षों में स्टार्टअप इंडिया क्रांति बन गया है। राष्ट्रीय स्टार्टअप योजना के दस साल पूरा होने पर नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप तंत्र बन गया है।

–––बाइट–––

श्री मोदी ने कहा कि पिछले दस सालों का सफर युवाओं के अनगिनत सपनों के सच होने का सफर है।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का युवा अपने सपनों को पूरा करने के लिए नई तकनीक को अपना रहा है। उन्होंने कहा कि युवा लीक से हटकर काम करने और आपदा को अवसर में बदलने की नीति पर काम कर रहा है।

–––बाइट–––

स्टार्टअप इंडिया की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक दशक पूर्व सोलह जनवरी, दो हजार सोलह में की थी।

---

उद्योग विभाग की ओर से राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर पटना में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री दिलीप

जायसवाल ने कहा कि वर्तमान समय में किसी भी राज्य और देश को आगे बढ़ाने में स्टार्टअप अहम भूमिका निभा रहा है।

———बाइट———

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पश्चिम बंगाल के हावड़ा और असम के कामाख्या को जोड़ने वाली देश की पहली स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस सहित कई नई अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इससे यात्रियों को सुगम यात्रा उपलब्ध होगी।

———बाइट———

नई अमृत भारत ट्रेनों में पांच ट्रेनें बिहार से होकर चलेंगी। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि इन ट्रेनों में हावड़ा से आनंद विहार, सियालदह से बनारस, अलीपुरद्वार से मुंबई के पनवेल, डिब्रूगढ़ से लखनऊ के गोमतीनगर और गुवाहाटी के कामाख्या से रोहतक ट्रेन शामिल हैं।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा आज पश्चिम चंपारण के बेतिया से शुरू हो गई। बेतिया से हमारे संवाददाता ने बताया कि इस दौरान मुख्यमंत्री ने एक सौ बयासी करोड़ रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार प्रदेश के विकास के लिए लगातार काम कर रही है।

———बाइट———

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार युवाओं को सरकारी नौकरी देने के लिए बड़े पैमाने पर मुहिम चला रही है।

———बाइट———

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी उपस्थित थे। समृद्धि यात्रा का पहला चरण चौबीस जनवरी तक चलेगा। पहले चरण में मुख्यमंत्री पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी, शिवहर, गोपालगंज, सिवान, सारण, मुजफ्फरपुर और वैशाली जिले का दौरा करेंगे। इधर, मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा में आंशिक संशोधन किया गया है। मुख्यमंत्री इक्कीस जनवरी को सीवान की जगह सारण और बाईस

जनवरी को सारण की जगह सीवान की यात्रा करेंगे। इस संबंध में राज्य के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी की ओर से अधिसूचना जारी की गयी है।

———————————————————

बिहार विधान मंडल का बजट सत्र दो फरवरी से शुरू हो रहा है। सत्ताईस फरवरी तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल उन्नीस बैठके होंगी। पहले दिन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां का अभिभाषण होगा। इसके बाद आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा। तीन फरवरी को वित्तमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट पेश करेंगे।

———————————————————

राष्ट्रीय जनता दल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा पर सवाल उठाए हैं। पार्टी प्रवक्ता चितरंजन गगन ने कहा कि मुख्यमंत्री को पहले अपनी पिछली यात्राओं की समीक्षा करनी चाहिए। राजद प्रवक्ता ने कहा कि इनमें से अधिकांश योजनाएं केवल विज्ञापन और प्रचार बनकर रह गयी हैं।

———बाइट———

———————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज पार्टी के सांसदों के साथ पटना में समीक्षा बैठक की। विदेश दौरे से वापस आने के बाद तेजस्वी प्रसाद यादव की यह पहली बैठक थी। बैठक के दौरान श्री यादव ने सांसदों को अपने क्षेत्र में विकास योजनाओं में तेजी लाने और आम लोगों की शिकायतें दूर करने का निर्देश दिया। बैठक में पार्टी को मजबूत बनाने पर भी विचार–विमर्श किया गया।

———————————————————

केंद्र सरकार आगामी बजट सत्र में बीज अधिनियम दो हजार छब्बीस पेश करेगी। आज नई दिल्ली में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि कानून का उद्देश्य खराब गुणवत्ता वाले, नकली और अनधिकृत बीजों की बिक्री पर अंकुश लगाना है।

———बाइट———

इसमें ट्रेसिबिलिटी का पूरा एक सिस्टम होगा। जो बीज आएंगे वो ये पता चलेगा कि डीलर के पास कहां से आए हैं। एक तो ये होगा कि खराब बीज सिस्टम में आएंगे ही नहीं, आए तो वे पकड़े जाएंगे और जिसने दिए उसको दंड दिया जा सकेगा। इसकी व्यवस्था की गई है। सीड़ कंपनी का रजिस्ट्रेशन बकायदा किया जाएगा। इससे अनाधिकृत रूप से अगर कोई बीज बेचेगा तो वो भी जानकारी तत्काल प्राप्त की जा सकेगी। हां एक बात मैं इसमें कहता हूं कि परंपरागत बीज जो किसान बोता चला आया है पर ये प्रतिबंध लागू नहीं होंगे क्योंकि किसान आपस में भी बीजों का विनिमय करता है।

---

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने आज पटना में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना टू प्वाइंट–ओ के तहत बिहार वाटर शेड राज्य स्तरीय महोत्सव दो हजार छब्बीस का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि इस योजना से राज्य को और अधिक हरित, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

–––बाइट–––

---

कृषि विभाग की ओर से प्रदेश के सभी पंचायतों में किसानों के पंजीकरण का दूसरा चरण कल से शुरू होगा। इक्कीस जनवरी तक चलने वाले इस अभियान के दौरान किसानों की डिजिटल पहचान बनाने के लिए कैम्प लगाए जाएंगे।

---

भाजपा ने पार्टी के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। नये राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए उन्नीस जनवरी को नामांकन पत्र दाखिल किये जायेंगे। इसी दिन नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। बीस जनवरी को नये अध्यक्ष के लिए चुनाव होगा। मौजूदा कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन का निर्विरोध चुना जाना तय माना जा रहा है।

---

भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने आज पटना में दही–चूड़ा भोज का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी शामिल हुए। इन्होंने श्री नबीन को मकर संक्रांति की बधाई भी दी।

---

लखीसराय ज़िले की नोनगढ़ पंचायत की मुखिया जूली देवी को नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। जूली देवी ने इस आमंत्रण पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

–––बाइट–––

---

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में धूप निकलने और सर्द पछुआ हवा की रफ्तार में कमी आने से ठंड में कमी आई है। मौसम विभाग ने अगले दो से तीन दिनों के बाद अधिकतम तापमान में क्रमिक रूप से बढ़ोतरी का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

---बाइट---

---

भारत सरकार के गवर्नमेंट ई–मार्केटप्लेस द्वारा आयोजित जेम एक्सिलेंस कार्यक्रम आज पटना में संपन्न हो गया।

---

पटना, एम्स में साइबर सुरक्षा और डेटा संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

---

सुपौल जिले के बैजनाथपुर अंदौली–न्यू झाझा स्टेशन के बीच निर्मित चार किलोमीटर से अधिक लंबी रेल लाइन का रेल संरक्षा आयुक्त गुरु प्रकाश ने निरीक्षण किया।

---

भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देश पर विभिन्न बैंकों की ओर से सीतामढ़ी में अधिक मूल्य के नोटों को कम मूल्य के नोटों और सिक्कों में बदलने के लिए विशेष स्टॉल लगाए जा रहे हैं।

---

नालंदा जिले के चंडी थाना क्षेत्र के अस्पताल चौक के पास आज पिकअप वाहन के पलट जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं अठारह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में स्टार्टअप महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा आज पश्चिम चंपारण के बेतिया से शुरू हुई।

03. बिहार विधान मंडल का बजट सत्र दो फरवरी से शुरू होगा। तीन फरवरी को बजट पेश किया जाएगा।

04. और, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए पार्टी सांसदों के साथ बैठक की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।